# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार, 6 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट


# हां या ना में अटकी पांचवें दौर की वार्ता: कृषि सुधार के तीनों कानूनों को समाप्त करने की मांग पर अड़े किसान नेता

**किसान प्रतिनिधियों से वार्ता के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गृह मंत्री अमित शाह नरेंद्र तोमर और पीयूष गोयल ने मुलाकात की। प्रधानमंत्री को किसानों के साथ होने वाली वार्ता में सरकार की ओर से रखे जाने वाले प्रस्तावों की जानकारी दी गई।**



**सुरेंद्र प्रसाद सिंह, नई दिल्ली।** किसान संगठनों और सरकार के बीच शनिवार को पांचवें दौर की वार्ता 'हां या ना' पर अटककर बेनतीजा समाप्त हो गई। पिछली वार्ता में बनी सहमति के बिंदुओं को भी किसान नेताओं ने नकार दिया। वे कृषि सुधार के तीनों कानूनों को समाप्त करने की अपनी मांग पर अड़े रहे। वार्ता शुरू होने के साथ ही किसानों का रुख कड़ा हो गया था। वे कानूनों में किए जाने वाले संशोधनों को सुनने को तैयार नहीं थे। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी समेत अन्य सभी मुद्दों पर कुछ ठोस समाधान के लिए अगली वार्ता नौ दिसंबर को होगी। कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने कहा, 'बैठक में किसान यूनियनों की तरफ से कुछ विषयों पर स्पष्टता से सुझाव नहीं आ सके।'

विज्ञान भवन में पांच घंटे चली लंबी बैठक में एक घंटे तक सरकार के रुख से नाराज किसान नेताओं ने मौन धारण कर लिया। उन्होंने अपने नाम की पट्टिकाओं पर 'हां या ना' लिखकर अपने तेवर बदल लिए। उन्होंने कहा कि उनकी मांगों पर सरकार सिर्फ 'हां या ना' में जवाब दे। किसान प्रतिनिधि शनिवार को भी अपने साथ पानी, चाय और खाना लेकर आए थे। उन्होंने सरकारी सुविधाओं का बायकाट किया। भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा, 'सरकार वार्ता को लंबा खींचकर थकाना चाहती है, लेकिन किसान कहां थकने वाले हैं।' किसान संगठन आठ दिसंबर को भारत बंद के अपने फैसले पर अडिग हैं। सरकार चाहती थी कि छठवें दौर की बैठक सात दिसंबर को हो, लेकिन किसानों ने इसे नौ दिसंबर के लिए आगे बढ़ा दिया।

वार्ता के बारे में कृषि मंत्री तोमर ने बताया, 'सरकार का इरादा एपीएमसी (मंडी) प्रणाली को किसी भी तरह प्रभावित करने का नहीं है। उसे सशक्त करने को सरकार तैयार है। इसमें किसी को गलतफहमी है तो सरकार उसके समाधान को तैयार है। कुछ विषयों के लिए स्पष्टता से सुझाव मांगे गए लेकिन, यह नहीं हो सका।' नौ दिसंबर की बैठक में सभी पहलुओं पर विचार किया जाएगा। रास्ता तलाश लिया जाएगा, लेकिन कृषि मंत्री तोमर को इस बात का मलाल जरूर था कि बैठक के दौरान किसान नेताओं की ओर से उपयुक्त सुझाव नहीं आए। तोमर ने कृषि क्षेत्र के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए विभिन्न योजनाओं का विस्तार से ब्यौरा भी दिया। उन्होंने किसान यूनियनों से आग्रह किया कि आंदोलन छोड़कर चर्चा के रास्ते पर आएं, जिससे समाधान तलाशा जा सके।

गुरुवार को हुई चर्चा में कुछ बिंदु चिन्हित किए गए थे, जिसका ब्योरा कृषि सचिव संजय अग्रवाल ने दिया। उस पर चर्चा शुरू होने के साथ ही किसानों ने उसे नकार दिया और तीनों कानूनों को समाप्त करने और एमएसपी की गारंटी वाले कानून की मांग पर अड़ गए। बैठक में कृषि मंत्री तोमर के साथ रेल एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और वाणिज्य राज्यमंत्री सोम प्रकाश ने भी हिस्सा लिया। सभी मंत्रियों की ओर से कहा गया, 'किसानों की सभी चिंताओं का समाधान करने के लिए सरकार तैयार है। पंजाब के हितों के प्रति सरकार सचेत है। वहां के किसानों की भावनाएं किसी भी तरह आहत नहीं होंगी।' शनिवार को विज्ञान भवन में वार्ता की शुरूआत में कृषि मंत्री तोमर ने हिस्सा ले रहे 40 किसान नेताओं के समक्ष उम्मीद जताई कि वार्ता में कृषि कानूनों के प्रावधानों पर एतराज वाले बिंदुओं पर सकारात्मक बातचीत होगी। दिल्ली की सीमाओं पर पिछले 10 दिनों से डेरा डाले आंदोलनकारी किसानों से ढाई बजे शुरू हुई वार्ता शाम साढ़े सात बजे तक चली।

# कुशीनगर में बड़ा सड़क हादसा, चार की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल



**कुशीनगर के रामकोला थाने के गांव केरवनिया के सामने तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली सामने से आ रहे टेंपो से जा भिड़ी जिसमें टेंपो चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई। तीन लोग घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराय गया है।**

**कुशीनगर, जेएनएन।** रामकोला थाने के गांव केरवनिया के सामने शनिवार देर रात तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली सामने से आ रहे टेंपो से जा भिड़ी, जिसमें टेंपो चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई। तीन लोग घायल हो गए। घायलों की चीख-पुकार सुनकर जुटे गांव के लोगों ने पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी।

घायलों को सीएचसी ले जाया गया, वहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने तीनों को मेडिकल कालेज गोरखपुर भेज दिया। टेंपो सवार सभी एक ही गांव पटखौली के व बोरिंग करने वाले श्रमिक बताए जा रहे हैं, जो बोरिंग कर अपने घर आ रहे थे। नेबुआ-नौरंगिया से रात आठ बजे छह मजदूरों को लेकर लेकर टेंपो कप्तानगंज जा रहा था। टेंपो गांव केरवनिया के समीप पहुंचा कि अचानक सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित हो गयी और टेंपो से आमने-सामने की भिड़ गयी। दुर्घटना में 45 वर्षीय इंद्रेश गोंड, 32 वर्षीय मुन्ना व 28 वर्षीय निगम निवासी पटखौली व 30 वर्षीय टेंपो चालक राजू निवासी किसान चौक कप्तानगंज थाना कप्तानगंज की मौत हो गई। और 35 वर्षीय जय सिंह यादव, 50 वर्षीय रामभवन तथा 35 वर्षीय दिनेश प्रसाद घायल हो गए। दुर्घटनास्थल पर मची चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग आ गए। लोगों ने 112 व 108 नंबर पर सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस व एंबुलेंस पहुंच गई। एंबुलेंस की मदद से घायलों को कप्तानगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने तीनों की हालत गंभीर बता मेडिकल कालेज भेज दिया।

मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। उधर सीएचसी पर एसडीएम देश दीपक सिंह और प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश राय व्यवस्था में जुटे रहे।

# भारत ने दिया सबसे ज्यादा वैक्सीन का ऑर्डर




**नई दिल्ली, प्रेट्र।** कोरोना वैक्सीन को लेकर भारत सरकार की तैयारियों का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बाजार में आने से पहले ही सरकार ने 1.6 अरब वैक्सीन का ऑर्डर दे दिया है। वैक्सीन के ऑर्डर में मामले में भारत पहले नंबर पर है। एक व्यक्ति को दो डोज के हिसाब से इतनी खुराक से 80 करोड़ यानी 60 फीसद आबादी का टीकाकरण हो सकेगा। आबादी के 60 फीसद लोगों का टीकाकरण हर्ड इम्युनिटी विकसित करने के लिए पर्याप्त है। अमेरिका के ड्यूक यूनिवर्सिटी ग्लोबल हेल्थ इनोवेशन सेंटर ने बताया कि भारत ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी -एस्ट्राजेनेका से 50 करोड़, अमेरिकी कंपनी नोवावैक्स से एक अरब और रूस की स्पुतनिक-5 वैक्सीन की 10 करोड़ खुराक का ऑर्डर दिया है। हर दो हफ्ते में अपडेट किए जाने वाले 'लांच एंड स्केल स्पीडोमीटर' विश्लेषण के मुताबिक, 30 नवंबर तक भारत ने तीन टीकों की 1.6 अरब खुराक के लिए सौदा पक्का कर लिया था।

यूरोपीय यूनियन और अमेरिका ने छह अलग-अलग टीकों के लिए ऑर्डर दिया है। यूरोपीय यूनियन ने 1.58 अरब डोज का ऑर्डर दिया है। अमेरिका ने भी एक अरब से कुछ ज्यादा डोज के लिए सौदा पक्का किया है। कोरोना वायरस संक्रमण से अपने लोगों को बचाने के लिए सभी देश रणनीतिक मोर्चे पर पूरी तैयारी कर रहे हैं। विश्लेषण में कहा गया है कि भारत और ब्राजील जैसे देश जहां टीका उत्पादन की क्षमता है, उन्हें सौदा करने में आसानी हो रही है। भारत ने जिन भी टीकों के लिए ऑर्डर किया है, उन सबका उत्पादन भारतीय कंपनियां कर रही हैं।

ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका और नोवावैक्स के लिए सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया टीकों का उत्पादन कर रहा है। भारत में स्पुतनिक-5 का उत्पादन डॉ. रेड्डीज की हैदराबाद प्रयोगशाला में किया जा रहा है।इस बीच, भारत बायोटेक द्वारा विकसित की जा रही स्वदेशी वैक्सीन का भी तीसरे चरण का ट्रायल शुरू हो चुका है। भारत बायोटेक और जायडस कैडिला भी सालाना 40 करोड़ टीके की आपूर्ति करने में सक्षम होंगे। जानकारों का कहना है कि भारत में टीके की उपलब्धता नहीं, उसके वितरण में चुनौती आ सकती है।

## कोरोना जांच में वसूले 'अधिक शुल्क' की वापसी के लिए शीर्ष कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली, एएनआइ।** कोरोना संक्रमण की आरटी-पीसीआर जांच के लिए देशभर में निजी लैब और अस्पतालों द्वारा वसूली गई 'अधिक फीस' की तत्काल वापसी का निर्देश देने की मांग को लेकर शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई। एडवोकेट अजय अग्रवाल ने अपनी याचिका में कोर्ट से मांग की है कि देशभर में आरटी-पीसीआर टेस्ट के लिए एक समान 400 रुपये की फीस तय की जाए, जैसा कि ओडिशा सरकार ने किया है। अग्रवाल ने इसके पहले भी शीर्ष अदालत में एक याचिका लगाई थी, जिसमें संदिग्ध मरीजों की आरटी-पीसीआर जांच के लिए देशभर में 400 रुपये का शुल्क निर्धारित करने का निर्देश देने की मांग की है। यह याचिका अभी लंबित है। इस पर प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली तीन जजों की एक पीठ ने 26 नवंबर को केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था।

पूर्व की याचिका में दावा किया गया कि देशभर में आरटी-पीसीआर जांच के लिए अलग-अलग शुल्क तय किए गए हैं, जबकि इसका वास्तविक खर्च महज 200 रुपये है। यह भी कहा गया कि विभिन्न राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली द्वारा 900 से 2800 रुपये तक का शुल्क तय किया गया है। याचिका के मुताबिक, प्रयोगशालाओं ने लूट मचा रखी है और करोड़ों की कमाई की है। आंध्र प्रदेश में लाभ का मार्जिन 1,400 फीसद तथा दिल्ली में यह 1,200 फीसद है। यह मामला देश के 135 करोड़ लोगों से जुड़ा है, क्योंकि हर व्यक्ति कोरोना को लेकर चिंतित है और बहुत अधिक शुल्क पर जांच कराने को मजबूर हैं।

# अखिलेश यादव ने कहा- हवाई पुल बांधने में भाजपा का जवाब नहीं, किसान-नौजवान सब परेशान



**लखनऊ, जेएनएन।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हवाई पुल बांधने में भाजपा का कोई जवाब नहीं है। किसान, नौजवान सब परेशान हैं। सरकार के चार वर्ष होने को हैं, लेकिन अभी तक जनता को कोई अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं हो सका है।

अखिलेश ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि खुद सरकार के आंकड़ों पर ही विश्वास किया जाए तो शैक्षिक संस्थाओं, मेडिकल संस्थानों और सरकारी विभागों में लाखों पद रिक्त हैं। नौकरियों में भर्ती पर विवाद थम नहीं रहे हैं। परीक्षाएं शुरू होने से पहले पेपर लीक हो जाते हैं और परीक्षाओं के बाद अदालतों में मामले चले जाते हैं। गरीबों व किसानों के बेटे भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को और खासकर नौजवानों को ठगने के लिए बड़े-बड़े विज्ञापनों पर सत्ता का धन खर्च कर अपनी नाकामयाबी छुपाने का काम कर रही है। अखिलेश ने कहा कि सरकारी तौर पर निवेशकों के लिए सहूलियतों का पिटारा खोल दिया गया है, लेकिन यह पिटारा खाली ही दिखता है। निवेशक सम्मेलनों पर खूब खर्च हुआ। अतिथि सत्कार भव्य ढंग से हुआ, लेकिन जो एमओयू हुए, उनको धरती पर उतरते लोगों ने नहीं देखा। उत्तर प्रदेश में फिल्म सिटी भी स्वयं मनोरंजन की वस्तु बन गई है।

## तमिलनाडु, पुडुचेरी के कई हिस्सों में भारी बारिश, कमजोर पड़ा चक्रवाती तूफान बुरेवी

**नई दिल्ली, एएनआइ।** चक्रवाती तूफान बुरेवी कमजोर पड़ गया है। हालांकि, इसका असर अभी देखने को मिल रहा है।तमिलनाडु के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई है। भारी बारिश के बाद रामेश्वरम के विभिन्न हिस्सों में गंभीर जलभराव की स्थिति हो गई है। इसके अलावा पुडुचेरी के भी कई हिस्सों में आज भारी बारिश हुई है। इस कारण पुडुचेरी के कई हिस्सों में भारी वर्षा के बाद जलभराव हो गया। चक्रवाती तूफान बुरेवी अब कमजोर पड़ गया है। इसके अगले 12 घंटों तक मन्नार की खाड़ी में बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसको लेकर जानकारी दी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि गहरे दबाव के कारण चक्रवाती तूफान बुरेवी मन्नार की खाड़ी में कमजोर हो गया है और अब इसके एक ही क्षेत्र में व्यावहारिक रूप से स्थिर रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने साथ ही कहा कि यह तूफान अगले 12 घंटों में कम दबाव वाले क्षेत्र में कमजोर हो सकता है।

# आपातकाल को असंवैधानिक घोषित करने और 25 करोड़ के मुआवजे की मांग, सुप्रीम कोर्ट सोमवार को करेगा सुनवाई



**नई दिल्ली, एएनआइ।** सुप्रीम कोर्ट आपातकाल को असंवैधानिक घोषित करने की मांग वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। 94 साल की महिला ने यह याचिका दायर की है और आपातकाल के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से 25 करोड़ रुपये मुआवजा दिलाने की भी मांग की है। जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी और जस्टिस ऋषिकेश रॉय की पीठ वीना सरीन की याचिका पर सात दिसंबर को सुनवाई करेगी।

वीना सरीन ने कहा है कि उन्होंने, उनके दिवंगत पति और परिवार ने आपातकाल के दौरान किए गए अत्याचारों के पूरा जीवन अत्यधिक पीड़ा और दुख में गुजारा है। इसी की भरपाई के लिए उन्होंने यह याचिका दायर की है। सरीन ने कहा कि जून, 1975 में जब देश में आपातकाल की घोषणा की गई थी, तब उनके परिवार को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। उन्हें अपनी जान बचाने के लिए देश से बाहर जाना पड़ा।

दिल्ली के करोल बाग और कनाट प्लेस में उसके पति की ज्वेलरी की दुकानें थी, जिसे प्रशासन ने सीज कर दिया था और सारे सामान उठा ले गए थे। सरीन ने कहा है कि उनके पति ने 25 साल की कड़ी मेहनत से यह व्यवसाय खड़ा किया था।

पुलिस ने उन्हें और उनके पति को बहुत डराया धमकाया था। उनकी चल और अचल संपत्तियां भी जब्त कर ली गई थी। सरीन ने कहा कि उनके पति यह दबाव सह नहीं पाए और उनकी मृत्यु हो गई। आपातकाल के दौरान उनके परिवार के साथ जो ज्यादती की गई, पति की मौत के बाद वह उसके खिलाफ अकेले लड़ती रहीं। फिलहाल वह अपनी बेटी के साथ देहरादून में रहती हैं।

सरीन ने दिसंबर, 2014 के दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले का भी हवाला दिया है, जिसमें अदालत ने उनके पति के खिलाफ चल रही कार्यवाही को खत्म कर दिया था। उन्होंने कहा है कि प्रशासन ने उनके पति से करोड़ों रुपये का सामान जब्त किया था, जो उन्हें अभी तक नहीं मिला है। इस साल हाई कोर्ट के फैसले के बाद उन्हें कुछ अचल संपत्तियां को मिली हैं, लेकिन चल संपत्तियां नहीं मिली हैं।

# गुवाहाटी में स्पाइस जेट विमान की गलत लैंडिंग, दो पायलट ड्यूटी से हटाए गए



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** स्पाइस जेट का एक विमान गुवाहाटी में नियत बिंदु से पीछे ही लैंड कर गया। उड़ान संख्या एसजी 960 बेंगलुरु-गुवाहाटी के साथ हुई इस घटना में हालांकि किसी यात्री को चोट नहीं आई, लेकिन नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विमान के दो पायलट को 'ऑफ-रोस्टर' (ड्यूटी से हटा देना) कर दिया है। घटना की जांच की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि विमान के रनवे पर नियत बिंदु से पीछे ही लैंड करने से कोई यात्री तो जख्मी नहीं हुआ, लेकिन रनवे की कुछ लाइटों को नुकसान जरूर हुआ। घटना के बारे में स्पाइस जेट ने फिलहाल कुछ नहीं कहा है। यह भी स्पष्ट नहीं हुआ है कि घटना के वक्त विमान में कितने यात्री सवार थे।

दो दिन पहले कोहरे के कारण दृश्यता कम होने के चलते अहमदाबाद से वाराणसी के लिए निकले स्पाइसजेट एयरलाइंस का विमान एसजी 971 को लखनऊ उतारना पड़ा था। दृश्यता सामान्य होने के बाद विमान वाराणसी एयरपोर्ट पर वापस आया। स्पाइसजेट का विमान 176 यात्रियों को लेकर पिछले गुरुवार सुबह 6.50 बजे अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद 9 बजे वाराणसी हवाई क्षेत्र में पहुंचा था। दृश्यता कम होने के कारण एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) ने विमान को उतरने की इजाजत नहीं दी। विमान करीब आधे घंटे से अधिक समय तक वाराणसी एयरपोर्ट के ऊपर हवा में चक्कर लगाता रहा। बाद में विमान को लखनऊ के लिए डायवर्ट कर दिया गया। दृश्यता सामान्य होने पर दोपहर 11.45 बजे विमान लखनऊ से वाराणसी एयरपोर्ट पर पहुंचा। उसके बाद विमान वाराणसी से अहमदाबाद के लिए उड़ान भरा।

इससे 12 दिन पहले पटना स्थित जय प्रकाश नारायण एयरपोर्ट के रनवे से उड़ान भरने के 15 मिनट बाद अमृतसर जा रही स्पाइसजेट को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। इंजन में तकनीकी खराबी आ गई थी। इससे अफरातफरी का माहौल बन गया। विमान में 65 यात्री सवार थे।

## बीते 24 घंटों में देश में आए 36 हजार नए मामले, 96 लाख पहुंचा आंकड़ा

**नई दिल्ली, एएनआइ।** देश में कोरोना की स्थिति में अब धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। बीते 24 घंटों में देश में कोरोना के 36 हजार नए मामले सामने आए हैं। इसको मिलाकर भारत में कोरोना का आंकड़ा 96 लाख के पार चला गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में बीते 24 घंटों में कोरोना के 36,652 मामले सामने आए हैं। इस दौरान भारत में 512 लोगों की कोरोना से मौत हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में अब तक कोरोना के 96 लाख 8 हजार 211 मामले सामने आए हैं। देश में कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। भारत में अब तक कोरोना से 90 लाख 58 हजार 822 लोग ठीक हो चुके हैं। देश में कोरोना केस की सक्रियता में भी लगातार गिरावट जारी है। देश में कोरोना के अब 4 लाख 9 हजार 689 एक्टिव केस बचे हैं। भारत में कोरोना से अब तक 1 लाख 39 हजार 700 लोगों की मौत हो चुकी है।

# वैक्सीन की डोज लेने के बावजूद हरियाणा के मंत्री को क्यों हुआ कोरोना, भारत बायोटेक ने दी सफाई



**नई दिल्ली, एएनआइ।** आज सुबह कोरोना वैक्सीन को लेकर देश में एक बडी खबर आई। हरियाणा के मंत्री अनिल विज कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। उन्होंने करीब 14 दिन पहले ही देश की स्वदेशी कोरोना वैक्सीन कोवैक्सिन की डोज ली थी। वह स्वदेशी वैक्सीन कोवैक्सिन के ट्रायल में शामिल हुए थे, जहां उन्होंने टीके की डोज ली थी। अनिल विज के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद यह वैक्सीन तैयार करने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने इस पर सफाई दी है। भारत बायोटेक ने कहा है कि कोवैक्सिन के क्लीनिकल ट्रायल दो डोज पर आधारित हैं। इसमें 28 दिन का समय लगता है। भारत बायोटेक ने सफाई देते हुए कहा कि कोरोना वैक्सीन की प्रभावकारिता वैक्सीन की दूसरी डोज लेने के 14 दिनों के बाद दिखता है। कंपनी ने कहा कि वैक्सीन तभी ज्यादा असरदार होगी जब किसी व्यक्ति ने टीके की दोनों डोज ली हो। कोरोना संक्रमित होने के बाद आज अंबाला कैंट के जिस सिविल अस्पताल में अनिल विज को भर्ती कराया गया है। अनिल विज ने 20 नंवबर को कोवैक्सीन का ट्रायल डोज डॉक्टरों की निगरानी में लिया था। वे हरियाणा में पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने स्वेच्छा से इस टीके का डोज लिया था। भारत बायोटेक और आईसीएमआर मिलकर स्वदेशी वैक्सीन कोवैक्सिन विकसित कर रहे हैं। इस टीके के अंतिम चरण का ट्रायल देश के विभिन्न राज्यों में चल रहा है। हरियाणा में भी इस वैक्सीन के तीसरे चरण का ट्रायल पिछले महीने शुरू किया गया। इसमें एक वॉलंटियर के तौर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने भी एक डोज लगवाया था और करीब 15 दिन बाद वे आज कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं।

# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### इलाहाबाद- झांसी सीट पर 24 वर्ष बाद फिर समाजवादी पार्टी का परचम लहराया

**सिरसा।** झांसी बुंदेलखंड के झांसी प्रयागराज खंड के स्नातक एमएलसी पद पर वर्षो से कब्जा बनाये रखे हुए डॉक्टर यज्ञ दत्त शर्मा को शिकस्त देकर समाजवादी पार्टी के पत्याशी डॉक्टर मानसिंह यादव विजयी हुए। इस जीत की खुसी में विधानसभा मेजा रामनगर बाजार में समाजवादी पार्टी लोहिया वाहनी के पूर्व प्रदेश सचिव नीरज सिंह यादव के नेतृत्व में इलाहाबाद झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन सीट पर 24 वर्ष बाद से अधिक समय के बाद एक बार फिर समाजवादी पार्टी ने जीत हासिल की है। इलाहाबाद झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन विधान परिषद सदस्य डॉक्टर मानसिंह यादव की जीत पर रामनगर बाजार में सपा कार्यकर्ताओ ने मिठाईयां बाटकर एक दूसरे से खुसी का इजहार किया। पूर्व प्रदेश सचिव नीरज सिंह यादव ने कहा कि ये जीत सपा कार्यकताओं के मेहनत और लगन के परिश्रम की जीत है।इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से फते बहादुर सिंह, विशम्भर नाथ पटेल, विजय राज सिंह, लालमणि पटेल, रब्बूल अली, नियाज अहमद, प्रवेश पाल, ईश्वर चन्द धनगर अधिवक्तता, राजेश पाल, संजय केशरी, दिवाकर सिंह यादव अधिवक्तता, फूल चन्द यादव, इंद्रेश सिंह यादव, अजय केशरी,रवि कांत कुशवाहा, गोलू शर्मा, विशाल शर्मा, हौसला प्रशाद शुक्ला आदि बड़े संख्या में समाजवादी जरीकर्ताओ उपस्थित रहे।

### शहर में प्रदूषण बढ़ने की वजह बने खटारा वाहन

**प्रयागराज।** शहर में इन दिनों खटारा वाहन धड़ल्ले से फरार्टा भर रहे हैं। इससे शहर का प्रदूषण स्तर भी बढ़ रहा है। तमाम दावों के बावजूद खटारा वाहन खुलेआम शहर की सड़कों पर दौड़ रहे हैं। ये आए दिन हादसों को भी दावत दे रहे हैं। दुर्घटना होने के बाद जिम्मेदार खटारा वाहनों पर कार्रवाई करने को कहते हैं। परिवहन विभाग की ओर से वाहनों की फिटनेस की जांच समय-समय पर की जाती है। उस दौरान वाहनों पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। कुछ समय के बाद वही वाहन अफसरों की मिलीभगत से सड़कों पर दौडने लगते हैं। शहर के विभिन्न मार्गों पर ऐसे वाहन दौड़ते दिख जाएंगे। फिटनेस परीक्षा में फेल ये वाहन धड़ल्ले से सवारियां भर कर दौड़ रही हैं। इतना ही नहीं ये वाहन जल्दी नंबर के चक्कर में ओवरस्पीडिंग भी करते हैं।

## मेजा में लूटपाट करने वाले आरोपियों को क्राइम ब्रांच व इलाकाई पुलिस ने धर दबोचा, दो अन्य भागने में सफल हुए

**सिरसा।** मेजा थाना क्षेत्र में गत दिवस इलाकाई थाना क्षेत्र के बकचूंदा गांव के मटिही मजरा निवासी अमरनाथ पाण्डेय के बेटे की बारात से रात में वापस लौट रही बेटियों के साथ लूटपाट करने वाले आरोपियों को क्राइम ब्रांच व इलाकाई पुलिस के संयुक्त आपरेशन के दौरान शुक्रवार देर रात घेराबंदी कर तीन अपराधियों को धर दबोचा, जबकि दो अन्य रात के अंधेरे में भागने में सफल रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसओजी नारकोटिक्स की टीम-अतुल सिंह राठौर, महावीर सिंह, मनोज सिंह, अनुराग यादव, संतोष यादव अवनीश कुमार। एसओजी टीम-वृंदावन राय, मोहित राय, अंगद गिरी, विक्रम सिंह, अनिल सिंह, अमित राय व मेजा थाने की टीम-भीम कुमार गौतम ,सुनील बाजपेई, रवि शर्मा, प्रीत पांडे, हेड कांस्टेबल रामधनी, कांस्टेबल अरविंद चौबे व



पुलिस मुठभेड़ के दौरान बाइक छोड़कर भाग लुटेरा

कांस्टेबल अरविंद चौबे मंडी समिति के समीप घेराबंदी करते हुए संदिग्ध स्वीफ्ट कार व टीवीएस मोपेड सवारों को रोक लिया। बदमाश हवाई फायर करते हुए भागने लगे। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए एक बदमाश जयप्रकाश शर्मा उर्फ टिंकू पुत्र कृष्ण कांत शर्मा निवासी टुड़िहार, मेजा को गोली लगने से घायल होने और उसके दो अन्य साथी नीरज मिश्रा पुत्र प्रेमचंद्र मिश्रा निवासी देवरीकला, करछना व दिलीप उपाध्याय पुत्र रामबहादुर उपाध्याय निवासी टुड़िहार, मेजा को धरदबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त जयप्रकाश शर्मा पुत्र कृष्णकांत शर्मा पता- टुड़िहार थाना मेजा जनपद प्रयागराज (घायल), नीरज मिश्रा पुत्र प्रेमचंद्र मिश्रा पता देवरिकला थाना करछना प्रयागराज, दिलीप उपाध्याय पुत्र रामबहादुर पता टुंडीहार थाना मेजा प्रयागराज।

कार्यवाही के दौरान बरामदगी का विवरण Tvs मोपेड, स्विफ्ट मारुति सुजुकीलूट के जेवरात, 1 अदद 12 बोर तमंचा व 2 जिंदा कारतूस ,5 1 अदद 315 बोर तमंचा व 3 जिंदा कारतूस और फरार अभियुक्त आंसू तिवारी पुत्र करमचंद पता बकचुन्दा थाना मेजा प्रयागराज, रमेश चंद्र पासी पुत्र आदित्य प्रसाद पता चिलबिला थाना मांडा प्रयागराज और अज्ञात हैं। और पुलिस प्रशासन ताबड़तोड़ अपराधियो को पकड़ने को बराबर दबिश दे रहे हैं।



शाद रचाते दूल्हा दुल्हन

### दुल्हन खुद बारात लेकर बारातियों के साथ पहुंची ससुराल, रचाई शादी

**उतरांव।** अक्सर देखा जाता है कि शादियां बड़ी धूमधाम से लोग करते हैं। तथा बाजे गाजे के साथ अपने बेटे की बारात ससुराल मे लेजाकर खूब मस्ती करते हैं। लेकिन यहां कुछ उल्टा ही नजारा देखने को मिला जिसे सुनकर आप चौक जायेंगे। फूलपुर क्षेत्र के गुलचपा गांव में एक दुल्हन खुद ही बारात लेकर दर्जनों बरातियों के साथ ससुराल पहुंच गई।प्रेमी वर के गले में जयमाला डालकर विवाह बंधन में बंध गई। बताया जाता है कि उस समय का नजारा कुछ ऐसा रहा कि लोग देखकर भौचक रह गए। आजमगढ़ के अतरौलिया बाजार निवासी हरिलाल की बेटी आराधना जो फूलपुर के एक कॉलेज से बीटीसी कर रही थी। इसी दौरान 2 वर्ष पहले उसका फूलपुर के गुल चपा गांव के गुलाबचंद से प्रेम हो गया था।कुछ दिन बाद जब परिजनों को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने नाराजगी जाहिर की। लेकिन लड़की गुलाब के साथ शादी करने पर अड़ी रही। बृहस्पतिवार शाम वह कई गाड़ियों के काफिले से कई दर्जन लोगों के साथ गुल चपा गांव स्थित गुलाबचंद के घर पहुंची और अपने प्रेमी से शादी रचा ली।वही लड़की के साथ आए साथ दर्जनों बाराती रात भर रुके रहे। लेकिन सुबह दुल्हन अपने ससुराल में ही रुक गई और बराती अपने घर के लिए रवाना हो गए। यह दृश्य देखकर लोग सोचने पर मजबूर हो गए जहां दूल्हा अपने ससुराल में बारात लेकर आता है।तो यह उसके उल्टा दुल्हन खुद बारातियों के साथ अपने ससुराल में पहुंचकर अपने प्रेमी वर से शादी रचा कर घर पर रहने लगी।

## खेती के तीन नए कानून के खिलाफ गरजे किसान, रैली निकाल की नारेबाजी

**घूरपुर।** किसान के लिए बनाए गए नए कानून के खिलाफ जहां देश भर के किसानों में उबाल है। वही शनिवार के दिन अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के बैनर तले किसानों ने खेती के तीन नए कानून के खिलाफ घूरपुर में सभा कर रैली निकल बनाए गए नए कानून वापस लेने की मांग की और प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौपी।

खेती के तीन नए कानून के विरोध में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से टैक्टर व पैदल रैली की शक्ल में झण्डे बैनर स्लोगन युक्त तख्ती हाथो मे लिए भारी संख्या में किसान सभा में पहुंच विरोध में सरकार के खिलाफ गरजे और रैली निकाल नारे लगाए। खेती के तीन नए कानून रद्द करो,बिजली बिल 2020 रद्द करो, 24जून2019 को बालू खनन में बोट पर लगी रोक वापिस लो,खेती के तीन नए कानून वापिस लो,धान का रेट 1868 रू गारंटी करो, खेती की लागत कम करो,पराली की सरकारी खरीद सुनिश्चित करो,पराली जलाने का आदेश वापस लो आदि नारे बुलंद किए।



एसडीएम बारा, सीओ करछना को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

नेताओं ने कहा कि लागत एवं मूल्य आयोग के धान के 1868रू प्रति कुंटल घोषड़ा की सरकारी खरीद के अभाव में किसान खुले बाजार में 1000-1200 रूपए में बेचने को मजबूर है, सफेद धान म० प्र० सरकार खरीद रही है जब की उ० प्र० सरकार रोक लगा रखी है।

धान की फसल से निकले पुआल पर रोक मुकदमा एवं जुमार्ना लगाने को लेकर किसानों मे व्यापक गुस्सा है कि सरकार ने बिना समाधान दिए किसानों पर मुकदमे दर्ज कर रही है।

24 जून 2019 को बोट से बालू खनन पर रोक लगा दिया जिस कारण लाखों लाख जनता एक झटके में बेरोजगार हो गयी।दूसरी तरफ बड़े फामियाओ को पोकलैंड - पनचक्की से बालू खनन की खुली छूट दे दी ।

मनरेगा में मजदूरों को काम दिया जाय,पुराने काम का भुगतान किया जाय, मनरेगा पेमेंट की सूची



घूरपुर में रैली निकालते किसान

सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा कराई जाय। खेती - आवासीय पट्टेधारकों को पट्टे पर कब्जा दिया जाए,भूमिहीनों को जमीन के पट्टे दिए जाय।

किसानो मजदूरों पर दर्ज सभी केस वापिस लिए जाय। बालू मजदूर अपनी रोजी रोटी की मांग की तो पुलिस ने मुकदमा लिखकर जेल भेजा पुलिस का दमन लगातार जारी है।

किसानो की रैली जैसे ही हाइवे की तरफ रुख किया पहुंचने से पहले ही रोक लिया गया। किसान नेताओ ने आठ सूत्रीय ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी बारा सुभाष चन्द्र एवं क्षेत्राधिकारी करछना सोमेंद्र मीना को सौंपा। उप जिलाधिकारी बारा ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन को पहुंचाने की बात की एवं तहसील स्तर की समस्या को हल करने का आश्वाशन दिया। किसानों की भारी भीड़ देख प्रशासन ने बड़ी संख्या में एहतियातन पुलिस पीएसी तैनात की थी। इस मौके पर हीरालाल, फूलचंद्र निषाद, सुरेश निषाद, बब्बू निषाद, हरिश्चंद्र पटेल, विनोद निषाद, करन निषाद, रामू निषाद, बैजनाथ, सरदार भारतीय, बृज लाल भारतीय आदि ने अपने विचार व्यक्त किए सभा का संचालन राजकुमार पथिक व अध्यक्षता रामकैलाश कुशवाहा ने किया।

## डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर पीडब्ल्यूडी कर्मचारी सक्रिय

**खीरी।** कोरांव तथा बारा तहसील के मध्य खीरी थाना क्षेत्र के पास टोंस नदी पर बना पुल पिछले पांच वर्षों से जर्जर है जिसके कारण पहले ही आवागमन बंद कर दिया गया है। इसकी रिपोर्ट विभागीय अधिकारियों द्वारा शासन को भेजा गया जिसका शासन संज्ञान में लेते हुए नए पुल का निर्माण करने के लिए धन स्वीकृत कर दिया। जिसके लिए प्रदेश के मिनी सीएम केशव प्रसाद मौर्य द्वारा तीन दिसंबर को शिलान्यास करना था । लेकिन किसी कारणवश पांच दिसंबर कर दिया गया फिर अभी विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 6 दिसंबर निश्चित किया गया है। उप मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। टोंस नदी पर बना पुल की जो रेलिंग थी पूरी तरह से टूट गई है । यह पुल आजादी के बाद प्रथम पंचवर्षीय योजना में बेलन नहर व पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाया गया था।



कई वर्षों से जर्जर पड़े पुल को ठीक करते हुए

जिसके ऊपर से आने -जाने के लिए पुल भी बना दिया गया था लेकिन जब से पुल का निर्माण हुआ आज तक कभी भी इस पुल का मरम्मत नहीं हुआ। जिसके कारण पुल अपने वास्तविक रूप को खो दिया। काफी दिनों से यह पुल बदहाली का आंसू रो रहा है। जिसका खामियाजा इस क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ रहा है। लेड़ियारी में जनपद की सबसे बड़ी गल्ला मंडी बनाई गई है। जहां पर व्यापारी मंडी से अनाज की खरीदारी करके इसी पुल से होकर अपने माल को अन्य राज्यों में बेचने के लिए ले जाते थे। लेकिन पुल टूट जाने के कारण आवागमन बाधित हुआ जिसका प्रभाव सीधे रूप से लेड़ियारी मंडी पर भी पड़ा। उप मुख्यमंत्री का कार्यक्रम शिलान्यास के लिए तीन दिसंबर रखा गया लेकिन किस कारण से तारीखें बदल रही है इसका कोई ठोस जानकारी नहीं मिल रही है कि आखिरकार तारीखें बदल जा रही है क्या कारण हो सकता है। पुल की जो रेलिंग टूटी हुई थी उसे लोक निर्माण विभाग द्वारा दिन रात सैकड़ों मजदूरों को लगाकर दुरुस्त कराया जा रहा है। रंगाई पुताई जारी है। इतना ही नहीं नारीबारी से चलकर कोरांव जाने वाली सड़क के दोनों तरफ कटीली झाड़ियां किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही थी जिसके लिए कई बार प्रमुखता के आधार पर सर्कल और अन्य न्यूज में चलाई गई लेकिन लोक निर्माण विभाग के कान में जूं तक नहीं रेंगी जैसे ही उपमुख्यमंत्री के आगमन की जानकारी मिली लोक निर्माण विभाग आनन-फानन में सड़क के किनारे लगी झाड़ियों को दो दिन के अंदर काट कर साफ कर दिया और पुल के रेलिंग सहित अन्य मरम्मत कार्य जोरों से शुरू कर दिया गया। यदि यही काम पहले भी किया जाता तो हो सकता है कि आज इस तरह से बदहाली के आंसू ना रोता और क्षेत्र की जनता को भी समस्या न उठानी पड़ती। ऐसे में चर्चा है कि खीरी छेत्र की जनता मिनी सीएम के आने का हर माह इंतजार ही करते रहेंगे।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा नाबालिग से छेड़खानी करने वाला

**शंकरगढ़।** मिशन शक्ति के तहत अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को नाबालिग से छेडखानी के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी यमुनापार के शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने की है। हत्थे चढ़े आरोपी का पुलिस ने चालान कर दिया है। मिशन शक्ति के तहत पुलिस अधीक्षक यमुनापार और क्षेत्राधिकारी बारा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी शंकरगढ़ एसओ राजेश उपाध्याय और उनकी टीम ने की। पुलिस के मुताबिक नाबालिग से छेडखानी के आरोपी मोहम्मद वसीम पुत्र हनीफ (निवासी मझियारी, बहेलिया, शंकरगढ़) को क्षेत्र के सेननगर तिराहे से उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह कहीं भागने की फिराक में था। शंकरगढ़ थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने बताया कि बीते 30 अक्टूबर को मझियारी, बहेलिया के एक व्यक्ति ने लिखित तहरीर देकर छेडखानी का आरोप लगाया था। आरोप था कि क्षेत्र के ही एक व्यक्ति ने उनकी नाबालिग बेटी के साथ छेडखानी की। इस तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी।शनिवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी मोहम्मद वसीम पुत्र हनीफ मझियारी को धर दबोचा गया। इस गिरफ्तारी में एसआई अमित कुमार सिंह के साथ हेड कांस्टेबल महेंद्र यादव और कांस्टेबल मोनू राजपूत भी मौजूद रहे।

## सपा प्रत्याशी को जिताना ही एक मात्र लक्ष्य : संदीप पटेल

**कोरांव।** इलाहाबाद झांसी मण्डल स्नातक शिक्षक विधायक चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता संदीप पटेल जिला महासचिव समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में कोरांव विधानसभा अंतर्गत साजी पारा कूदर हाटा में व्यापक जनसम्पर्क किया और मतदाताओं को जागरूक करते हुए पार्टी प्रत्याशी के मतदान करने की अपील किया इस दौरान सपा नेता लोगो को पार्टी के नीतियों से भी अवगत कराया।

इसी क्रम में हाटा ग्राम सभा मे वरिष्ठ समाजवादी नेता कल्लू सिंह पटेल पूर्व प्रधान के आवास पर एक बैठक का आयोजन हुआ जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में बैठक को संबोधित करते हुए सपा नेता ने कहा कि निश्चित ही डॉ मान सिंह यादव लोहिया औ? सरदार



कोरांव मान सिंह की जीत पार्टी की जीत पर जश्न मनाते सपाई

पटेल के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे और शोषितों वंचितों की आवाज सड़क से लेकर सदन तक उठाने का कार्य करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राम सागर यादव मुखिया अध्यक्ष सिरसा सहकारी समिति एवम निदेशक जिला सहकारी बैंक निदेशक ने अपने सम्बोधन में आमजन से अपील करते हुए सपा प्रत्याशी को प्रथम वरीयता मत दे कर विजयी बनाने की अपील की।

इस मौके पर मुख्य रूप से सोमदत्त सिंह पटेल एमएलसी चुनाव प्रभारी रामानुज यादव सहादत अली मेहताब खान रक्षामंत्री यादव राजन सोनी साधू यादव सेक्टर प्रभारी वरिष्ठ यादव समाज के नेता राजेश यादव नौशाद अंसारी मणि राम सिंह पटेल दीपक पटेल गुलाब पटेल विशाल पटेल सूरज सिंह यादव राजा आदि लोग उपस्थित रहे।

### इलाहाबाद विश्वविद्यालय शिक्षक संघ को जल्द मिल जाएगा नया अध्यक्ष

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (आटा) को जल्द ही नया अध्यक्ष मिलने की उम्मीद है। इसकी कवायद भी शुरू कर दी गई है। आटा के नए अध्यक्ष के चयन के लिए दो जनवरी को शिक्षकों की आम सभा भी बुलाई गई है। आम सभा में सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी के नाम पर मुहर लग जाएगी। इसके बाद अध्यक्ष का भी चयन कर लिया जाएगा। आटा के वर्तमान अध्यक्ष प्रोफेसर राम सेवक दुबे ने बताया कि दो जनवरी को बुलाई गई आम सभा में केवल एक एजेंडे पर ही चर्चा होगी। कोविड-19 गाइडलाइन के अनुपालन में बैठक में केवल चुनाव को लेकर ही चर्चा होगी। इसके पहले भी आटा की बैठक बुलाई गई थी। इसमें चुनाव को लेकर चर्चा शुरू हुई थी। इसी बीच शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर डीसी लाल ने जमकर हंगामा किया था। उन्होंने आटा अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाने शुरू कर दिये थे। ऐसे में बैठक टल गई थी। अब फिर से लंबे समय बाद बैठक आहूत की गई है।

## स्नातक एमएलसी चुनाव में सपा की जीत पर भड़ेवरा में मनाया जश्न



सपा की जीत पर जश्न मनाते सपाई

**मेजा।** स्नातक एम एल सी चुनाव में सपा उम्मीदवार डॉ मान सिंह यादव के जीत की खबर पर सपाई झूम उठे। मेजा क्षेत्र के भड़ेवरा मे सपा कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर जीत की बधाई दी और जश्न मनाया। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने कार्यकर्ताओं की मेहनत की प्रशंसा करते हुए, कहा कि उनकी मेहनत और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति जनमानस के रूझान के बल पर यह जीत हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि स्नातक चुनाव मे जनपद प्रयागराज में पूरी प्रदेश सरकार और भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व डेरा डाले हुए था।

## संक्षेप समाचार

### दुकान का शटर तोड़ कर चुरा ले गए ब्रांडेड कपड़े

**प्रयागराज।** चोर एक कपड़े की दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखे ब्रांडेड कपड़े और नकदी चोरी कर ले गए हैं। शनिवार को व्यापारी को जब चोरी की जानकारी हुई तो उसने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची धूमनगंज पुलिस ने जांच की लेकिन चोरों का सुराग नहीं लगा। आसपास किसी भी दुकान में कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है। कसारी मसारी के रहने वाले अंकित श्रीवास्तव की राजरूपपुर में कपड़े की दुकान है। अंकित ने बताया कि शुक्रवार रात ताला बंद करके घर गया था। रात में चोरों ने दुकान का शटर टेढ़ा कर दिया और शीशे का दरवाजा तोड़ दिया। दुकान के अंदर से एक लाख से अधिक कीमत के ब्रांडेड कपड़े और लगभग 7000 रुपये नकद चोरी कर ले गए। शनिवार सुबह दुकान पहुंचा तो चोरी की जानकारी हुई। बताया जा रहा है कि आसपास के रहने वालों से पुलिस ने पूछताछ की लेकिन कोई भी व्यक्ति चोरों के बारे में जानकारी नहीं दे सका। सीसीटीवी कैमरा नहीं होने के कारण चोरों के बारे में भी कोई सुराग नहीं लगा। दुकानदार अंकित का कहना है कि चोरों ने उन्हीं दराज को खाली किया जहां पर ब्रांडेड कपड़े रखे थे। ऐसा लग रहा है कि जैसे उन्हें दुकान के बारे में पूरी जानकारी थी।

## अभ्यर्थियों को वितरित किया गया नियुक्ति पत्र




नियुक्ति पत्र के साथ अभ्यर्थी

**प्रयागराज।** 69000 सहायक अध्यापक भर्ती के अन्तर्गत द्वितीय चरण में 36590 पदों के सापेक्ष जनपद प्रयागराज को आंवटित 03 अभ्यर्थियों में से 02 अभ्यर्थी क्रमशः नीरज सिंह पुत्र प्रताप नारायण सिंह एवं श्रीमती निशी सिंह, पुत्री शिवाजी सिंह ने दिनांक 03.12.2020 को कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रयागराज में काउन्सलिंग करायी। काउन्सलिंग के उपरान्त उक्त दोनों अभ्यर्थियों के मूल अभिलेखों की जांच में सही पाये जाने पर शनिवार को पूर्वान्ह 11.00 बजे एन0आई0सी0 प्रयागराज में जिलाधिकारी महोदय एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय की उपस्थिति में मा० सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल, मा० विधायक मेजा श्रीमती नीलम करवरिया, मा0 विधायक फूलपुर प्रवीण सिंह पटेल, मा0 विधायक बारा अजय कुमार, मा0 विधायक कोरांव राजमणि कोल एवं मा0 विधायक फाफामऊ विक्रमाजीत मौर्य के करकमलों द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।

## नारीबारी-गऊघाट पुल के साथ 35 अन्य परियोजनाओं का आज उपमुख्यमंत्री करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि

**शंकरगढ़।** यमुनापार के बहुप्रतीक्षित नारीबारी-गऊघाट पुल का शिलान्यास आज छह दिसंबर को किया जाएगा। पहले यही कार्यक्रम पांच दिसंबर को होना था। इस शिलान्यास कार्यक्रम के साथ क्षेत्र की 35 अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम के बढ़ जाने पर शासन-प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को देर शाम तक समारोह स्थल पर आलाधिकारी डटे रहे। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

नारीबारी-गऊघाट पुल के शिनाल्यास समारोह के लिए आयोजन स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया। नारीबारी सहित समूचे क्षेत्र के लोग अपने उपमुख्यमंत्री के स्वागत के लिए तैयार हैं। प्रतापपुर-भारतगंज मार्ग में स्थित नारीबारी-मवैया गऊघाट पुल के साथ नौ अन्य मार्गों का शिलान्यास किया जाएगा। इसके साथ क्षेत्र के 26 मार्गो का लोकार्पण भी उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के हाथों रविवार को होगा। भूमिपूजन, शिलान्यास, सभा के साथ-साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुबह से प्रस्तुति के साथ पुल के साथ 35 अन्य मार्गों का लोकार्पण व शिलान्यास होगा। कार्यक्रम को लेकर लगातार तीसरे दिन विधायक बारा डॉ.अजय कुमार मवैया में बन रहे और सभा स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देशित किया। सायं जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती ने भी दोनों तरफ सभा स्थल का निरीक्षण कर कार्यकताओं से व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने को कहा। इस अवसर पर विभूत नारायण सिंह, अभिषेक तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, संतोष सिंह, सुधाकर सिंह, जितेंद्र शुक्ला, मोहन यादव, सुरेश सिंह, शिवयश पान्डेय, सुधीर साहू उर्फ बऊया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





पुल के पुताई का कार्य करते मजदूर

## कोरांव थाने का एसपी यमुनापार ने किया औचक निरीक्षण, मचा हड़कंप



कोरांव थाने का निरीक्षण करते एसपी सौरभ दीक्षित

**कोरांव।** यमुनापार के नवागंतुक एसपी सौरभ दीक्षित ने कोरॉव थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ सफाई के साथ-साथ अभिलेखों का भी गहनता के साथ निरीक्षण किया। लंबित विवेचना को शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश देने के साथ ही अन्य जरूरी निर्देश विभागीय कर्मियों को दिए । एसपी ने बताया कि पीड़ित लोगों की समस्याओं का समाधान हमारी पहली प्राथमिकता होगी । क्षेत्र में किसी भी तरह से अवैध कार्यों को संचालित नहीं होने दिया जाएगा। अगर किसी अवैध कार्य में पुलिस की संलिप्तता की भी शिकायत मिलती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी । इसके साथ-साथ एसपी ने कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच सामंजस्य बनाकर ही समाज में बढ़ रही बुराइयों को खत्म किया जा सकता है। इसके लिए टीम के साथ काम किया जाएगा ।क्षेत्र में बढ़ते अपराधों के सवाल पर दीक्षित ने कहा कि अपराध होने के बाद मामले का वर्कआउट करने में पुलिस पूरी ईमानदारी से काम करेगी परिस्थितियां कभी कभी इस तरह की होती हैं किसी भी घटना के खुलासे में कुछ समय लग जाता है जिसमें आम जनता को पुलिस का सहयोग करना चाहिए । एसपी सौरभ दीक्षित ने कहा कि वर्तमान में कोरोना वायरस तेजी से फैल रहा है इसके लिए सभी लोग सोशल डिस्टेंस का पालन व मास्क जरूर लगाये। मूलतः गोरखपुर के रहने वाले 2017 बैच के आईपीएस अफसर सौरभ दीक्षित इसके पूर्व आगरा जिले में एएसपी के पद पर तैनात थे जिन्हें एसपी जमुनापार के रूप में तैनाती मिली है। एसपी के निरीक्षण के दौरान कोरांव थाने में हड़कंप मचा रहा। हालांकि एसपी के जाने के बाद पुलिस कर्मियों ने राहत की सास ली।

## किसानों के समर्थन में युवा कांग्रेस का तहसील पर धरना प्रदर्शन



तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करते युवा कांग्रेस



प्रधानमंत्री को सम्बोधित उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौपते हुए

**करछना।** जिलाध्यक्ष जितेन्द तिवारी की अगुवाई मे कांग्रेसजनो ने किसान बिल के विरोध मे हो रहे देशभर मे किसानो द्धारा प्रदर्शन को लेकर काग्रेस पार्टी किसानो के समर्थन मे तहसील मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को सम्बोधित उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र सरकार नया किसान अध्यादेश विल लाकर किसानो का कमर तोड़ने का काम कर रही है जिससे किसान विल को लेकर पूरे देश मे धरना प्रदर्शन पर उतारू हो गये है जब तक सरकार नया कानून विल वापस नही लेती तबतक कांग्रेस पार्टी किसानो के हित मे अपनी लडाई जारी रखेगी। ज्ञापन देने में जिला उपाध्यक्ष प्रांजल केशरवानी, मोनू यादव, ऋषभ शुक्लाए ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश सोनी, सत्यम सिंह, अभिषेक शुक्ला, अभिनेष तिवारी, असद सिद्दीकी, नागेश, सौरभ चतुर्वेद, सलमान इन्द्रकांत शुक्ला आदि रहे।

## जर्जर पुलिया हादसे को दे रहा दावत



हादसे को दावत देती जर्जर पुलिया का दृश्य

**लालापुर।** एक वर्ष पहले जर्जर पुलिया को तत्काल बनाने का विभाग को निर्देश दिया गया था दुर्भाग्य है कि लालापुर इछोरा पुलिया को अधिकारियों की निगाह में नहीं पड़ा शायद लगता है आज इस पुलिया से अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं जिसमें भारी वाहन निरंतर आवागमन बना रहता है जिससे कभी भी बहुत बड़ा हादसा हो सकता है विभाग एकदम चुप्पी साध कर बैठा हुआ है प्रतापपुर से घूरपुर सड़क प्रधानमंत्री सड़क के बीच इछोरा घाघरा नदी की पुलिया है जो 3 साल पहले ऊपर से टूट गई थी और विभाग को सूचित किया गया विभाग के अधिकारियों ने दोनों तरफ से केवल बाइक निकालने की जगह छोड़कर पूरी सड़क में पत्थर की दीवार 4 फिट की खड़ी करके चले गए विभाग अपना नुकसान देखकर कर दिया लेकिन बालू खनन पट्टे धारक इसको कूद मरम्मत कराया इसके बाद दीवार को तोड़कर वाहनों का आना-जाना शुरू हो गया भारी भारी वाहन लगातार गुजरने से पुलिया क्षतिग्रस्त होती जा रही है समय रहते अगर इस पुलिया का मरम्मती करन नहीं कराया गया तो एक न एक दिन बहुत बड़ा हादसा हो जाएगा जिसका इंतजार विभाग कर रहा है वहीं क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता,अतुल तिवारी, शशांक पाण्डेय रंजन प्रजापति का कहना है कि 3 साल से जर्जर हो चुकी है जिस पर भार वाले वाहन गुजरने की वजह से किसी दिन पूरी पुलिया क्षतिग्रस्त हो जाएगी जिससे सड़क मार्ग अवरुद्ध हो जाएगा इसकी शिकायत पूर्व में कई बार आई जी आर एस के द्वारा मुख्यमंत्री को भी की गई लेकिन निस्तारण आज तक नहीं हुआ।

## आनलाईन प्लेसमेन्ट में शुआट्स के 14 छात्र चयनित

**नैनी।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज में आनलाईन कैम्पस साक्षात्कार आयोजित किया गया शुआट्स के 14 छात्रों ने सफलता प्राप्त की।

निदेशक कैरियर प्लानिंग एण्ड काउंसिलिंग डा0 देवराज बाडुगू ने बताया कि विभिन्न कंपनियों से आनलाईन कैंपस ड्राईव आयोजित किये जाने के संबंध में विचार विमर्श हुआ था इस क्रम में चार कंपनियों द्वारा साक्षात्कार एवं आनलाईन स्क्रीनिंग के माध्यम से कैंपस ड्राईव आयोजित की गई। डा. बाडुगू ने बताया कि प्रेसवेल टूल्स एण्ड कंपोनेन्ट्स में बीटेक मैकेनिकल के तीन व बीटेक इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रानिक्स के दो बच्चों का चयन हुआ। इसी प्रकार पाई इन्फोकाम प्रा0 लि0 में बीटेक कंप्यूटर साइंस के तीन, बीसीए के एक व बीएससी कंप्यूटर साइंस के दो बच्चों ने सफलता प्राप्त की। ओरजा डेवलपमेंट सोल्यूशन इंडिया प्रा0 लि0 में एमबीए एग्रीबिजनेस व एमएससी एग्रीकल्चर के एक-एक बच्चों को जॉब प्राप्त हुई जबकि दौरला शूगर वर्क्स में बीएससी एग्रीकल्चर के एक बच्चें का चयन हुआ। डा. देवराज बाडुगू ने बताया कि आने वाले दिनो में कई अन्य कम्पनियों द्वारा आनलाईन कैम्पस ड्राइव आयोजित कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है। शुआट्स कुलपति मोस्ट रेव्ह. प्रो. राजेन्द्र बी. लाल ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## वैज्ञानिकों ने दी कृषकों को सलाह

**नैनी।** शुआट्स में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त पूवार्नुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने कृषकों को सलाह दी है कि टमाटर की ग्रीष्म ऋतु की फसल की पौधशाला तैयार करें। प्याज मे खरपतवार नियत्रण के लिए रोपाई के 2-3 दिन बाद पेन्डीमेथेलीन की 3.3 लीटर मात्रा 1000 लीटर पानी में घोल कर छिड़काव करें। टमाटर और मिर्च में झुलसा रोग से बचाव के लिए मैकोजेब 0.2 प्रतिशत (2 ग्राम दवा प्रति लीटर पानी) का छिड़काव करें। आम तथा लीची में ह्यमिलीबगह्य की रोकथाम के लिए प्रति वृक्ष 250 ग्राम मिथाइल पैराथियान का बुरकाव पेड़ के एक मीटर के घेरे में करें। बेर के फलों को गिरने से बचाने के लिए सुपरफिक्स हारर्मोन 1.0 मिली लीटर प्रति 4.5 लीटर पानी मे घोल बना कर छिड़काव करें। किसानों को बताया गया कि गेंहूँ की प्रथम सिचाई ताजमूल अवस्था पर बुआई से 20-25 दिन पर करें। मटर में 35-40 दिन बुआई के बाद सिचाई करें। बरसीम की बोआई के 45 दिन बाद पहली कटाई करें फिर हर 20-25 दिन बाद कटाई करते रहें। आलू की देर से बोआई कि गयी फसल में 25 दिन बाद 87-108 किग्रा यूरिया की टाप ड्रेसिंग करके मिट्टी चढ़ा दें।

## बिजली अधिकारी व कर्मचारी करेंगे साइकिल की सवारी

**प्रयागराज।** पर्यावरण संरक्षण के लिए बिजली विभाग कुछ हटकर करने जा रहा है। विभागीय अधिकारी व कर्मचारी अब साइकिल चलाएंगे। साइकिल से अधिकारी कार्यालय आएंगे, जबकि कर्मचारी घूम-घूमकर उपभोक्ताओं की समस्या का निदान करेंगे। विभाग व्यवस्था को अगले सप्ताह से शुरू करने की तैयारी में है। मुख्य अभियंता ओपी यादव ने बताया कि शासन के निर्देश पर अधिकारी से लेकर कर्मचारियों को साइकिल चलानी होगी। इसके लिए सप्ताह में कम से कम एक दिन साइकिल का इस्तेमाल करना है। अधिकारियों को साइकिल से कार्यालय आना होगा। वहीं कर्मचारियों को अपने उपकेंद्र से करीब पांच किमी के दायरे में साइकिल से उपभोक्ताओं से संपर्क करना होगा और समस्याओं का समाधान करना होगा। विद्युत लाइन की पेट्रोलिंग भी साइकिल से करने को कहा गया है। मुख्य अभियंता ने बताया कि दिसंबर के दूसरे सप्ताह से यह व्यवस्था लागू की जा सकती है। मुख्य अभियंता ने बताया कि साइकिल से ड्यूटी का मुख्य मकसद पर्यावरण संरक्षण है। खुद के साथ उपभोक्ताओं को भी इसके प्रति जागरूक करना है। उन्हें बताना है कि साइकिल की सवारी से पर्यावरण को बचाया ही नहीं जा सकता है, बल्कि खुद को सेहतमंद भी रख सकते हैं।

## एमएलसी झांसी इलाहाबाद चुनाव में सपा प्रत्याशी की जीत पर खुशी

**कोरांव।** झांसी इलाहाबाद एमएलसी निर्वाचन छेत्र पर सम्पन्न चूनाव में डॉक्टर मानसिंह यादव की जीत पर सपाइयों व कई ग्राम प्रधानों अध्यापकों में हर्ष ब्याप्त है। कोरांव में कार्यकर्ताओं ने सपा मुखिया से लेकर सांसद विधायक एमएलसी लोगों का आभार भी जताया गया। और धन्यवाद भी प्रेषित किया गया। सपा के युवा छात्र नेता व ग्राम प्रधान संघ लीडर तथा अधिवक्ता हरिकृष्ण यादव उर्फ ओझा ने कहा कि जिस तरह से किसान बेरोजगार सरकार की नीति नियत व किसान विरोधी सोच के खिलाफ आंदोलन रत हैं उसी तरह ईवीएम से मतदान बन्द हो का विरोध करें। अन्यथा चुनाव सिर्फ एक पार्टी की ही झोली में जाना सुनिश्चित है। और फिर अन्य दल तन मन धन से चुनाव लड़ेगा और मेहनत बेयर्थ जाएगी। इस लिए सारे राजनैतिक दल के लोगों से अपील है कि निष्पक्ष चुनाव मतदान हेतु विदेशी मशीनें ईवीएम का इस्तेमाल बन्द करें। उन्होंने पूर्व विधायक रामकृपाल कोल मेजा कोराव के ईवीएम से मतदान पर बैन लगे का आह्वान का समर्थन किया। तथा निर्वाचित सभी माननीयों को हार्दिक बधाइयां दी। उन्होंने यह भी कहा कि देश की सारी समस्या की जड़ भाजपा है। जिस दिन भाजपा समाप्त होगी उसी दिन से सारी समस्या किसानों बेरोजगारों का निराकरण हो जाएगा। और नफरत फिरका परस्ती खत्म हो जाएगी। इसी प्रकार कोराव विधान सभा के सभी पार्टी कार्यकर्ताओं खाश तौर से महताब खान, शहादत अली, साधु यादव, राधेश्याम यादव, जगदीश कुशवाहा, राजेश पांडेय, पूर्व प्रधान अल्हवा अजीज अहमद सिद्दीकी उर्फ अच्छे आदि ने मान सिंह यादव के जीत पर मिठाईयां बांट कर खुशी का इजहार किया।

## संक्षेप समाचार

### अधिवक्ता के निधन पर साथियो ने जताया दुख

**प्रतापगढ़।** तहसील के अधिवक्ता एवं अमावां निवासी सूर्यभान सिंह 55 का लंबी के चलते निधन हो गया। शुक्रवार को यहां संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश की अध्यक्षता मे हुई शोक सभा मे उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने सूर्यभान सिंह के सादगी भरे जीवन तथा विधि के क्षेत्र मे योगदान को अविस्मरणीय ठहराया। कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा सीडब्लूसी सदस्य प्रमोद तिवारी ने भी सूर्यभान के आकस्मिक निधन को दुखद ठहराया। बैठक का संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर दिनेश सिंह, रामकुमार पाण्डेय, विनय शुक्ल, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्र, देवी प्रसाद मिश्र, लाल राजेन्द्र सिंह, राव वीरेन्द्र सिंह, राममोहन सिंह, संतोष सिंह, टीपी यादव, संजय सिंह, सतेश सिंह, हरिशंकर द्विवेदी, विकास मिश्र, अजय सिंह, राजेन्द्र मिश्र, प्रमोद सिंह, संदीप सिंह, शैलेन्द्र सिंह बघेल, विनोद शुक्ल, शिव नारायण शुक्ल, घनश्याम मिश्र, दीपेन्द्र तिवारी, विपिन शुक्ला, रमेश पाण्डेय, संजय ओझा, पवन पाण्डेय, जान्हवी प्रसाद सिंह, वीरेन्द्र सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

### ससुरालीजनों के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** विवाहिता को आये दिन मारने पीटने तथा गालीगलौज व धमकी को लेकर ससुरालीजनों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। कोतवाली के मुल्तानीपुर निवासिनी अनवरी बेगम ने दी गई तहरीर मे कहा है कि शादी के बाद से आये दिन पति तथा सास व अन्य लोग उसे मारापीटा करते है। ससुरालीजन शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दे चुके है। तहरीर के आधार पर गुरूवार की रात आरोपी पति जाहिद व सास अनीशा बेगम तथा नूरजहां के खिलाफ महिला उत्पीडन का केस दर्ज किया गया है।

### मोबाइल नेटवर्क ध्वस्त

**प्रतापगढ़।** जिले के कंधई इलाके मे मोबाइल सेवा की हालत बेहद खराब है। एयारटेल कंपनिय का नेटवर्क ध्वस्त है। कधई के पॉश इलाकों में लगभग 20 से 25 गांव मे भी मोबाइल पर बात करना मुश्किल हो गया है। कालड्राप, आवाज ब्रेक होने व नेट की धीमी रफ्तार से हजारों उपभोक्ता परेशान हैं। सेवा प्रदाता कंपनियां ग्राहकों की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेती हैं, जिसके चलते समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

### सांसद ने जताया शोक

**कुंडा।** के व्यापारी रामकृष्ण केसरवानी की हत्या पर सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर जी ने शोक संवेदना व्यक्त की है। सांसद के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि सांसद जी त्रिपुरा राज्य के प्रवास पर है। जल्द ही वापस आकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात करेंगे।

## जनपद के 22 सहायक अध्यापकों को प्रदान किया गया नियुक्ति पत्र

**प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा शिक्षा उन्नयन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किये गये है, जिसमें कायाकल्प योजना के अन्तर्गत विद्यालयों का सौन्दर्यीकरण एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी**


शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित करते प्रभारी मंत्री साथ में खड़े मंझनपुर विधायक

**कौशाम्बी।** शिक्षक भर्ती के द्वितीय चरण में शनिवार को कलेक्टेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में जनपद के कुल 22 नव नियुक्त सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय द्वारा आयोजित कार्यक्रम का द्वीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री विधायक मंझनपुर लाल बहादुर विधायक सिराथू शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल एवं जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह के द्वारा नव नियुक्त सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रभारी मंत्री एवं अन्य जन प्रतिनिधियों के कर कमलों से नियुक्ति पत्र पाने वालों में प्रदीप सिंह, अभय राज कुशवाहा, दिनेश सिंह, महेन्द्र सिंह, शेखर सिंह, संजीव कुमार पटेल, सौरभ कुशवाहा, आशीष कुमार मौर्या, देवेन्द्र प्रताप सिंह, विभा देवी, प्रवीन कुमार दुबे सहित अन्य नव नियुक्त सहायक अध्यापकगण रहे। इस अवसर पर जनपद के कुल 22 प्राथमिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज का दिन बहुत ही प्रशन्नता का दिन है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरी पारदर्शिता एवं सुचितापूर्ण प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए पूरे प्रदेश में 69000 शिक्षक भर्ती के सापेक्ष द्वितीय चरण में आज 36590 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा शिक्षा उन्नयन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किये गये है, जिसमें कायाकल्प योजना के अन्तर्गत विद्यालयों का सौन्दर्यीकरण एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है।प्रभारी मंत्री ने नव नियुक्त शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि आप सभी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए बच्चों के भविष्य निर्माण में अपना योगदान प्रदान करेंगे।

विधायक मंझनपुर लाल बहादुर ने नव नियुक्त सहायक अध्यापकों को शुभकामना देते हुए कहा कि सभी नव नियुक्त सहायक अध्यापकगण पूरी मेहनत एवं लगन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।इस अवसर पर विधायक सिराथू शीलता प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल ने सभी नव नियुक्त सहायक अध्यापकों को शुभकामना देते हुए कहा कि आप सभी लोग बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर उनके भविष्य निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा प्रदान करने से बच्चे हमेशा अपने शिक्षकों को याद रखते है।आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने प्रभारी मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधिगणों का आभार व्यक्त करते हुए नव नियुक्त शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि नियुक्ति पत्र पाकर आप सभी अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर उनके भविष्य निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी मनोज, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रकाश सिंह सहित अन्य अधिकारीगणों के अलावा जनप्रतिनिधिगण तथा नियुक्ति पत्र पाने वाले नव नियुक्त सहायक अध्यापकगण उपस्थित रहे। इसके पूर्व एनआईसी में लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के द्वारा शिक्षक भर्ती के द्वितीय चरण के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, विधायक मंझनपुर लाल बहादुर एवं विधायक सिराथू शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रकाश सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने एनआईसी में 05 नव नियुक्त सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया, जिसमें एनआईसी में नियुक्ति पत्र पाने वालों में हीरा लाल, सुरेश चन्द्र, नागेश दत्त द्विवेदी, नलिनी सिंह, मुख्तार मेंहदी रहे।

## दो बाइक दो तमंचा संग दो अभियुक्त गिरफ्तार

**दो सगे भाई मिलकर कई जनपद में लूट की घटनाओं को देते थे अंजाम**

**कौशांबी।** एसओजी प्रभारी और सैनी कोतवाली पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए सैनी कोतवाली क्षेत्र के दिलावलपुर नहर पुलिया के पास से अंतर्जनपदीय दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है दोनों लुटेरे सगे भाई हैं पुलिस ने पकड़े गए लुटेरों के कब्जे से दो तमंचा दो बाइक नगद रुपए आदि बरामद किया है पकड़े गए आरोपियों ने जिले के सैनी कलाधाम कोखराज थाना क्षेत्र के साथ-साथ प्रयागराज जिले के कर्नलगंज क्षेत्र में भी घटनाओं को अंजाम दिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एसओजी प्रभारी संजय गुप्ता और सैनी कोतवाल पीके सिंह ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए फतेहपुर जिले के खखरेरू थाना क्षेत्र के उमरा गिरसा गांव निवासी सोनू उर्फ रितेश पाल पुत्र राम सिंह और उसके भाई सुनील पाल को बीती रात गिरफ्तार किया है पकड़े गए दोनों आरोपियों का आवास इलाहाबाद शहर के धूमनगंज थाना क्षेत्र में भी है और अक्सर दोनों भाई इलाहाबाद में भी रहते थे पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने दो तमंचा और दो बाइक के साथ दो मोबाइल फोन इक्कीस हजार रुपये नगद सोने के लॉकेट पायल आदि सामान की बरामदगी की है पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि उन्होंने प्रयागराज जिले के कर्नलगंज थाना क्षेत्र में भी घटनाओं को अंजाम दिया है पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि इसके पहले वह कोखराज कड़ा धाम और सैनी कोतवाली क्षेत्र में कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं पकड़े गए आरोपियों को लिखा पढ़ी कर पुलिस ने जेल भेज दिया है।


दिव्यांग खिलाड़ी को सम्मानित करते मंत्री।

## श्रम मंत्री ने दिव्यांग खिलाड़ी को किया सम्मानित

**कटरा गुलाब सिंह,प्रतापगढ।** प्रदेश के श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रतापगढ़ भ्रमण के दौरान ग्राम गौरा, कटरा गुलाब सिंह निवासी कॉमेडियन संजय मौर्य के भाई और भतीजे के विवाहोपरांत बहुभोज कार्यक्रम में प्रतिभाग किया एवं नवदम्पति को सफल दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं देने के पश्चात क्षेत्र के दिव्यांग खिलाड़ी संदीप कुमार मौर्य से मिलकर उसकी समस्याओं को सुना और उसे मेडल पहना कर सम्मानित किया। मंत्री महोदय ने कहा कि क्रिकेट की तरह ही अन्य भारतीय खेलों को बढ़ावा मिलना चाहिए और प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने जन समस्याओं को भी सुना। इस मौके पर विश्वनाथगंज विधायक डॉ आर के वर्मा, कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुशवाहा, जन अधिकार पार्टी के जिला उपाध्यक्ष लाल चन्द्र मौर्य, राम किशोर शाक्य, विनोद कुमार मौर्य, अशोक कुमार मौर्य, बी एल पटेल, चंदन सिंह ,छोटे लाल आदि ने मौजूद रहे।

## 18 घंटे बाद हुआ व्यापारी के शव का अंतिम संस्कार

**पूर्व कैबिनेट मंत्री राजा भैया के आश्वासन पर माने लोग**


आक्रोषित भीड को समझते राजा भइया।

**प्रतापगढ़।** जनपद के कुंडा में व्यापारी के शव को 18 घंटे बाद अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। व्यापारी का शव कानपुर से शुक्रवार की देर शाम यहां लाया गया था। शनिवार को अंतिम संस्कार की बात परिवार ने कही थी। हलांकि सुबह वह हत्या का आरोप लगाते हुए नारेबाजी करने लगे। स्थानीय व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर उनके साथ विरोध विरोध जताया। वे डीएम को बुलाने की मांग कर रहे थे। इसी बीच दोपर में कुंडा विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर मामला शांत हुआ। कानपुर से कुंडा लाया गया था व्यापारी का शव । कुंडा कोतवाली क्षेत्र के कस्बा प्रेम नगर निवासी रामकृष्ण केसरवानी बुधवार की सुबह दुकान खोलने के लिए गए थे। हालांकि वह न वापस घर लौटे और न ही दुकान ही पहुंचे। उनके पिता रामसेवक ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। रामकृष्ण का शव कानपुर के साढ़ थाना इलाके के बारी गांव के निकट मिला था। उनका शव कानपुर से शुक्रवार की देर शाम घर पहुंचा था। रात करीब ९रू00 बजे राम कृष्ण केसरवानी की पत्नी अंजना ने 4 सूत्री मांग पत्र एसडीएम को सौंपकर शनिवार की सुबह शव के अंतिम संस्कार की बात कही थी। शनिवार की सुबह स्वजन व कुंडा के व्यापारी बात से नाराज हो गए कि व्यापारी की कानपुर में ले जाकर हत्या की गई, लेकिन डीएम साहब पीड़ित परिवार के घर नहीं पहुंचे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सीएम राहत कोष से आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया । डीएम के कुंडा न पहुंचने से नाराज व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। कहा कि जब तक डीएम पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर जल्द से जल्द कार्रवाई का आश्वासन नहीं देते, तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। इसी बीच दोपहर करीब 1.30 बजे कुंडा विधायक वह पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और जल्द से जल्द कार्रवाई का आश्वासन देते हुए पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक मदद दिलाए जाने का आश्वासन दिया। राजा भैया ने एक लाख रुपये की आर्थिक मदद की ।पूर्व कैबिनेट मंत्री राजा भैया ने पीड़ित परिवार को त्वरित आर्थिक मदद देते हुए एक लाख रुपये भी दिए। राजा भैया के आश्वासन के बाद व्यापारी के शव के अंतिम संस्कार करने के लिए परिवार के लोग तैयार हो गए। इसके बाद प्रशासन ने भी राहत की सांस ली।


पुलिस चौकी का उद्घाटन करते पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज रेंज

## आईजी रेंज ने किया पुलिस चौकी का उद्घाटन

**पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि अपराधों पर रोक लगाना पुलिस की पहली प्राथमिकता**

**चरवा कौशांबी।** अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिले के पिपरी थाना अंतर्गत एक नई पुलिस चौकी का उद्घाटन पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज रेंज द्वारा किया गया है शुक्रवार को प्रयागराज रेंज के पुलिस महानिरीक्षक कवींद्र प्रताप सिंह ने पिपरी थाना अंतर्गत पुलिस चौकी "यूनाइटेड मेडिसिटी रावतपुर" का उद्घाटन किया इस मौके पर आईजी जोन द्वारा चौकी परिसर में विधि विधान से पूजा-पाठ किया गया एवं फीता काटकर उन्होंने इस नई चौकी का उद्घाटन किया घाटन के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि अपराधों पर रोक लगाना पुलिस की पहली प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से इस क्षेत्र में पुलिस चौकी की स्थापना की गई है इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अभिनंदन क्षेत्राधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## तमंचा बाइक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**टेवा कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली के टेवा पुलिस चौकी ने एक आरोपी को तमंचा और बाइक के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को अदालत भेज दिया है मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात गश्त वाहन चेकिंग के दौरान नवोदय विद्यालय टेंवा के पास से चौकी इंचार्ज टेवा इन्द्रकांत यादव ने एक अभियुक्त राहुल पासी पुत्र राधेश्याम निवासी कोरों थाना मंझनपुर को एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल सीडी डीलक्स व एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है इस दौरान उप निरीक्षक इन्द्रकान्त यादव चौकी प्रभारी टेंवा मय हमराह सिपाही जयसहाय,सिपाही शिवम सिंह सिपाही सुशील कुमार की मौजूदगी में अभियुक्तों को पकड़कर उसकी जामा तलाशी लेकर लिखा पढ़ी कर चालान कर दिया है।

## मुख्य सचिव के निर्देश के बाद भी नहीं सुधरी कर्मचारियों व अधिकारियों की उपस्थिति

**निर्माण विभाग प्रधानमंत्री निर्माण खंड विकास भवन सहित विभिन्न विभागों में तमाम कर्मचारी कई कई दिन कार्यालय में उपस्थित नहीं होते**

**कौशांबी।** सरकारी कार्यालयों से मोटा वेतन लेने के बाद अधिकारियो कर्मचारियों का गायब रहना इनकी आदत सी बन गई है कई बार जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने भी अधीनस्थों की उपस्थिति की औचक जांच कर उन्हें कठोर चेतावनी दी कि वह अपनी उपस्थिति की स्थिति को सुधार करें लेकिन अधिकारियों के आदेश के बाद भी लापरवाह कर्मचारियों अधिकारियों की उपस्थिति में सुधार नहीं हो सका।

बीते सप्ताह मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश ने पत्र संख्या 770 पीएस एम एस जारी कर प्रदेश के समस्त अपर मुख्य सचिव प्रमुख सचिव सचिव को निर्देशित किया कि अधिकारियों कर्मचारियों की समय से कार्यालय में उपस्थित सुनिश्चित हों उनकी उपस्थिति की स्थलीय सत्यापन किए जाने का निर्देश भी मुख्य सचिव द्वारा जारी किया गया है। मुख्य सचिव ने अपने पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि अपर मुख्य सचिव प्रमुख सचिव और सचिव प्रत्येक सप्ताह कर्मचारियों अधिकारियों की उपस्थिति की जांच कर उसकी सूचना और उस पर की गई कार्यवाही से शासन को अवगत कलाएं।

मुख्य सचिव द्वारा जारी किए गए औचक निरीक्षण के पत्र के बाद भी लापरवाह अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति बेहद खराब है जिले के लोक निर्माण विभाग प्रधानमंत्री निर्माण खंड से लेकर विकास भवन सहित विभिन्न विभागों में तमाम कर्मचारी कई कई दिन कार्यालय में उपस्थित नहीं होते हैं बीते दिनों जिलाधिकारी ने भी औचक निरीक्षण कर कई कर्मचारियों से जवाब सवाल किया था लेकिन ड्यूटी से गायब रहने वाले इन कर्मचारियों अधिकारियों को उच्चाधिकारियों के निदेशों की तनिक परवाह है और मनमर्जी तरीके से वह ड्यूटी देना चाहते हैं।

यही स्थिति विकास खंड कार्यालयों की है कई विकास खंड कार्यालय ऐसे हैं यहां कई कर्मचारी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं होते हैं बिना ड्यूटी लिए इनको प्रत्येक महीने वेतन दिया जा रहे हैं जिससे विभागाध्यक्ष की भी भूमिका सवालों के घेरे में है अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में सुधार ना होने के मामले में इनकी औचक जांच करने और अनुपस्थिति पाए जाने पर इन लापरवाह अधिकारियों कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही करना होगा तभी इनकी शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित हो सकती है।


डंप बालू को भरा जा रहा ट्रैक्टर पर

## डंप बालू का बेखौफ बगैर रवन्ना किया जा रहा परिवहन

**सराय अकिल कौशाम्बी।** जिले में चाहे जितना भी सख्त कानून बनाया जाए परंतु बालू माफिया के आगे सारे सिस्टम बकवास नजर आ रहे है ।चायल सर्किल में तो बालू माफियाओ के पौ बारह है ।बालू माफिया अब चायल सर्किल में खुले आम मुख्य रोड पर बालू डंप करते है और ट्रैक्टर के माध्यम से बगैर रवन्ना सप्लाई करते है कृषि उपयोग में आने वाले ट्रैक्टर आज बालू माफियाओ के लिए वरदान साबित हो रहे है अवैध तरीके से बिना परमिट के चल रहे ट्रैक्टर जिम्मेदारों को नही दिख रहे है जबकि खुले आम सड़क पर पूरे दिन ट्रैक्टर बालू व अन्य सामग्री लेकर गुजरते दिखाई देते हैं। सड़क किनारे डंप बालू का लोडिंग किया जाता है और बालू की सप्लाई माफियाओ द्वारा की जाती है ।बालू घाटों में सैकड़ो ट्रैक्टर बालू के परिवहन में लगे हैं और सड़कों पर दौड़ते नजर आते है परिवहन में लगे इन ट्रैक्टरो के पास कमर्सियल उपयोग के लिए एआरटीओ द्वारा अधिकृत नहीं किया गया है कौशाम्बी जनपद से लेकर प्रयागराज और प्रतापगढ़ जिले तक ट्रैक्टरों के माध्यम से ओवरलोड बालू की सप्लाई की जाती है ।चायल सर्किल में प्रतिदिन सैकड़ो ट्रैक्टर बगैर रवन्ना बालू ढोते नजर आते है ।इनपर क्यो कार्यवाही की जाती है ।इसका जिम्मेदार कौन है ऊपरी जांच के कारण दिखावे के लिये एक ,दो ट्रैक्टर पकड़ लिए जाते है। लेकिन कार्य उसी तरह से फिर चलते रहते है।

### डीलरों ने सीखा वाहन पंजीयन का तरीका

**प्रतापगढ़।** जिलेभर के वाहन डीलरों को शनिवार को पंजीयन का तरीका बताया गया। एआरटीओ ने डीलरों को अभिलेख फीड करने व पते का सत्यापन करने का तरीका बताया। उन्होंने कहा कि वाहन बिक्री के 48 घंटे के अंदर हर हाल में सम्बंधित वाहन के अभिलेख वेबसाइट पर जनरेट कर दिए जाएं ।शनिवार को एआरटीओ ऑफिस में कार्यशाला आयोजित की गई। उसमें डीलर प्वाइंट रजिस्ट्रेशन योजना के तहत जिले के वाहन डीलरों को आमंत्रित किया गया था। एआरटीओ सुशील कुमार मिश्र ने कहा कि अब नए वाहनों का पंजीयन डीलर प्वाइंट से ही किया जाएगा। इसके लिए सभी डीलरों को परिवहन विभाग की वाहन पंजीयन वेबसाइट पर जाकर वाहन स्वामी के पते व वाहन से सम्बंधित अभिलेख जनरेट करने होंगे। विभाग की ओर से निर्धारित पंजीयन शुल्क जमा करना होगा।

## मिशन 2022 के लिए अभी से जुट जाएं कार्यकर्ता : दिनेश तिवारी

**प्रतापगढ़।** मिशन 2022 के तहत शनिवार को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी पहुंचे ब्लॉक आसपुर देवसरा। आसपुर देवसरा में ब्लॉक अध्यक्ष हरीश चंद्र श्रीवास्तव, महासचिव अमित सिंह मुलायम एवं पट्टी विधानसभा के उपाध्यक्ष रिंकू पाठक के द्वारा मिशन 2022 के तहत आयोजित बैठक में की सहभागिता। जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों कार्यकताओं एवं सम्मानित लोगों से अपील की की आप सभी अभी से मिशन 2022 को सफल बनाने के लिए जुट जाएं और पार्टी की नीतियों को जन - जन तक पहुंचाएं एवं पार्टी में ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को जोड़ने का प्रयास करें। दिनेश तिवारी ने कहा कि अब बहुत कम समय बचा है 2022 का चुनाव बहुत नजदीक है हम लोगों को अभी से जुट जाना होगा तभी हम लोग मिशन 2022 को सफल बना सकते हैं। हमारी पार्टी का लक्ष्य सभी को समान अधिकार दिलाना एवं शोषित वंचित गरीब एवं असहाय लोगों की मदद करना है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, प्रधान महासचिव अमित चैरसिया, महिला नेता मनीषा गुप्ता, सोनू पाठक, बाबू हरिहर सिंह, शीतला प्रसाद पांडेय, शुभम जायसवाल, हरिओम पांडेय, ओम प्रकाश यादव, हफी जुल्लाह, बबलू हरिजन, सच्चिदानंद त्रिपाठी, सभाजीत शुक्ला, लक्ष्मी नारायण पाठक सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त प्राध्यापक का हुआ सम्मान


अवकाश प्राप्त प्राध्यापक को सम्मानित करते अतिथि

**प्रतापगढ़।** नगर के बहुगुणा पीजी कालेज के सभागार मे शनिवार को अवकाश ग्रहण करने पर शिक्षक को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के शिक्षाशास्त्र संकाय के विभागाध्यक्ष रहे डा. श्रीधर पाण्डेय ने अवकाश ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष डा. वीरेन्द्र मिश्र तथा प्राचार्य डा. आरपी मिश्र ने श्रीधर पाण्डेय को सम्मान पत्र व अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। बतौर मुख्यअतिथि डा. वीरेन्द्र ने कहा कि डा. श्रीधर पाण्डेय ने शिक्षा के क्षेत्र मे कर्तव्यपरायणता की मिसाल पेश की। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आरपी मिश्र ने महाविद्यालय के उन्नयन मे उनके योगदान की सराहना की। वही डा. श्रीधर पाण्डेय ने सेवाकाल मे महाविद्यालय के परिवार से मिले सहयोग के प्रति आभार जताया। संचालन डा. आलोक द्विवेदी ने किया। इस मौके पर डा. सीमा त्रिपाठी, निशांत पाण्डेय, वज्रघोष ओझा, दिनेशचंद्र त्रिपाठी, अभिषेक पाण्डेय, शैलेंद्र सरोज, जीतेन्द्र विश्वकर्मा, अरविंद मौर्य, फणींद्र मिश्र, ऐश्वर्य त्रिपाठी आदि ने भी डा. श्रीधर के शैक्षिक मूल्यों के संवर्धन मे दिये गये योगदान की सराहना की। वहीं पूर्व प्राचार्य डा. शिवमूर्ति शास्त्री, पूर्व प्राचार्य डा. डीपी ओझा, पूर्व प्राचार्य डा. राजकुमार पाण्डेय, दयाशंकर पाण्डेय, प्रो. आरपी शुक्ल, प्रो. शिवशरण मिश्र, प्रो. श्यामबिहारी शुक्ल, रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल आदि ने भी महाविद्यालय शिक्षक संघ के जनपदीय अध्यक्ष के रूप मे भी डा. श्रीधर पाण्डेय द्वारा महाविद्यालय के गौरव बढाये जाने को अविस्मरणीय ठहराया।